## बाइक-ऑटो की भिड़ंत में 15 वर्षीय किशोर की मौत, 3 घायल



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 12 मार्च।** शहर में गुरुवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे ने परिवार की खुशियां छीन लीं। एसपी कोठी के सामने बाइक और ऑटो की आमने-सामने हुई भीषण टक्कर में 15 वर्षीय किशोर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

### पुलिस ने की जांच शुरू

जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह करीब 6:30 से 7 बजे के बीच ऑटो चालक ओमप्रकाश करन सिद्धेश्वर मेला ग्राउंड से दो सवारियों को लेकर पोहरी बस स्टैंड की ओर जा रहे थे। ऑटो में उनके परिचित हक्का खान भी सवार थे। जैसे ही ऑटो एसपी कोठी के सामने पहुंचा, सामने से तेज रफ्तार में आ रही बाइक ने सीधे ऑटो को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक चला रहा किशोर और ऑटो में बैठे लोग सड़क पर जा गिरे। हादसे में बाइक चला रहे ऋषभ रावत उम्र 15 वर्ष को गंभीर चोटें आईं। घायल अवस्था में ऑटो चालक ओमप्रकाश करन तुरंत उसे और हक्का खान को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने ऋषभ को मृत घोषित कर दिया। मृतक ऋषभ रावत, पुत्र सोबरन रावत, मूल रूप से गहलोनी गांव का निवासी था। वह अपने माता-पिता के साथ पढ़ाई के लिए शहर के नवाब साहब रोड स्थित चंद्रा कॉलोनी में रह रहा था। ऋषभ अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था, जिसकी असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। कोतवाली थाना पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर जांच शुरू कर दी है और हादसे के कारणों की पड़ताल की जा रही है।

## खेत के रास्ते में मजदूरी से लौट रही महिला की गला रेतकर हत्या

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 12 मार्च।** रन्नौद थाना क्षेत्र के ग्राम बामौरकला में बुधवार शाम एक दिल दहला देने वाली हत्या की वारदात सामने आई। मजदूरी से घर लौट रही 32 वर्षीय महिला की अज्ञात हमलावर ने धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी। महिला का खून से

### देवर पर शक, आरोपी फरार

लथपथ शव खेत के पास मिलने से पूरे गांव में सनसनी फैल गई।

जानकारी के अनुसार ग्राम बामौरकला निवासी प्रीति केवट उम्र 32 वर्ष बुधवार शाम खेतों में फसल कटाई की मजदूरी करने के बाद घर लौट रही थी। शाम करीब 6 बजे जब वह गांव के मंजू महाराज के खेत के पास पहुंची, तभी किसी अज्ञात व्यक्ति ने उस पर अचानक धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमलावर ने



महिला के गले के पीछे और दाहिनी ओर कई वार किए, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। कुछ देर बाद ग्रामीणों ने खेत के पास खून से लथपथ महिला का शव पड़ा देखा तो इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को घटना की जानकारी दी गई।

मृतिका के देवर पूरन केवट उम्र 20 वर्ष ने बताया कि वह दिल्ली में टमाटर फार्म पर मजदूरी कर रहा था। गांव से सूचना मिलने पर परिवार मौके पर पहुंचा तो प्रीति का शव खेत के पास पड़ा मिला। बताया जा रहा है कि घटना के समय महिला का पति बबलेश केवट राजस्थान में मजदूरी करने गया हुआ था। वहीं मृतिका का दूसरा देवर शिशुपाल केवट घटना के बाद से लापता बताया जा रहा है, जिससे उस पर संदेह गहरा गया है। ग्रामीणों के अनुसार शिशुपाल चाहता था कि प्रीति उसी के कहने पर खेतों में मजदूरी करे, लेकिन प्रीति ने दूसरे किसान के यहां काम करना शुरू कर दिया था। इसी विवाद के चलते हत्या की आशंका जताई जा रही है। रन्नौद थाना प्रभारी अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि देवर की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है और पुलिस लापता शिशुपाल की तलाश में जुटी है। मामले की जांच जारी है और जल्द ही हत्या की असली वजह सामने आने की उम्मीद है।

### पात्र परिवारों को मिलेगा दो माह का एकमुश्त राशन

**ग्वालियर 12 मार्च।** प्रदेश सरकार द्वारा पात्र परिवारों को मार्च माह से दो माह का एक मुश्त राशन दिया जाएगा। आमजनों को एक बार में मार्च-अप्रैल एवं दूसरी बार में मई जून का राशन एक साथ मिलेगा। यह निर्देश खादय नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता सरंक्षण आयुक्त श्री कर्मवीर शर्मा ने जारी किए हैं। अभी तक पात्र परिवारों को उचित मूल्य की दुकान से हर माह राशन लेने के लिए जाना होता था। प्रदेश सरकार अब गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए पात्र परिवारों को एकमुश्त दो माह का राशन एक साथ देने का निर्णय लिया है। पात्र हितग्राही 10 मार्च से 15 अप्रैल तक मार्च एवं अप्रैल माह का राशन शासकीय उचित से प्राप्त कर सकते हैं, वहीं 1 मई से 31 मई तक उपभोक्ता मई एवं जून का राशन प्राप्त मिलेगा।

## पुरानी रंजिश को लेकर युवक पर हमला



**शिवपुरी, 12 मार्च।** करैरा थाना क्षेत्र के सिल्लारपुर गांव में पुरानी रंजिश ने हिंसक रूप ले लिया। गांव के ही तीन लोगों ने एक युवक को घेरकर लाठी-डंडों और लात-घूंसों से बेरहमी से पीट दिया। मारपीट में युवक घायल हो गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सिल्लारपुर निवासी कांतेश ओझा उम्र 30 वर्ष ने करैरा थाने में दर्ज रिपोर्ट में बताया कि 11 मार्च की दोपहर करीब 3:30 बजे वह अपने घर के बाहर खड़े थे। तभी गांव के प्रमोद केवट, उसके बेटे शिवम केवट और सागर केवट वहां पहुंचे और पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर तीनों आरोपियों ने कांतेश पर हमला बोल दिया। आरोपियों ने लाठी-डंडों से वार कर उसे घायल कर दिया। मारपीट में कांतेश के बाएं हाथ की कलाई के पास गंभीर चोट आई और खून निकलने लगा। इसके अलावा उसकी पीठ और दाहिने पैर की पिंडली में भी चोटें आईं। घटना के दौरान शोर सुनकर उसकी पत्नी छाया ओझा और मां हसमुखी ओझा मौके पर पहुंचीं और बीच-बचाव कर किसी तरह उसे बचाया। आरोप है कि जाते-जाते हमलावरों ने पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। घायल को 108 एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपचार के बाद उसने थाने में शिकायत दर्ज कराई। पीड़ित पक्ष का यह भी आरोप है कि विवाद के दौरान आरोपियों ने फायरिंग करने की कोशिश भी की थी। करैरा थाना पुलिस ने प्रमोद केवट, शिवम केवट और सागर केवट के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## अशोकनगर और कोलारस को मिली रेल की बड़ी सौगात

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 12 मार्च।** केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रयासों से अशोकनगर और कोलारस क्षेत्र

### दो प्रमुख ट्रेनों के ठहराव को मंजूरी

की जनता को रेल सुविधा की बड़ी सौगात मिली है। रेल मंत्रालय ने अशोकनगर में सोगरिया-दानापुर एक्सप्रेस (19801/02) तथा कोलारस में उज्जैनी एक्सप्रेस (14309/10) के ठहराव को स्वीकृति दे दी है। इससे क्षेत्र के



यात्रियों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी।

जानकारी के अनुसार अशोकनगर रेलवे स्टेशन पर सोगरिया-दानापुर एक्सप्रेस के ठहराव से यात्रियों को देश के विभिन्न शहरों तक सीधा रेल संपर्क मिलेगा। वहीं कोलारस रेलवे स्टेशन पर उज्जैनी एक्सप्रेस के रुकने से क्षेत्र के लोगों के लिए यात्रा और अधिक सुगम हो जाएगी। विदित रहे कि केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने 26 फरवरी 2026 को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर अशोकनगर और कोलारस में इन ट्रेनों के ठहराव की आवश्यकता बताई थी। उनके इस आग्रह पर रेल मंत्रालय ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों स्टेशनों पर ट्रेनों के ठहराव को मंजूरी प्रदान कर दी। इन ट्रेनों के ठहराव से दैनिक यात्रियों, विद्यार्थियों, व्यापारियों और क्षेत्रीय लोगों को बड़ी सुविधा मिलेगी। साथ ही क्षेत्र में आवागमन आसान होने से व्यापारिक गतिविधियों और स्थानीय विकास को भी गति मिलने की उम्मीद है।

### जनता की सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही केंद्र सरकार

इस उपलब्धि पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार जनता की सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है और सभी मंत्रालय मिलकर समन्वित रूप से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह निर्णय अशोकनगर और कोलारस क्षेत्र की जनता के लिए बड़ी राहत साबित होगा तथा क्षेत्र की रेल संपर्क व्यवस्था को और अधिक मजबूत करेगा।

## सामुदायिक पुलिसिंग में उत्कृष्ट कार्य, एसडीओपी सम्मानित




**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 12 मार्च।** पिछोर अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी पुलिस प्रशांत शर्मा को सामुदायिक पुलिसिंग और आमजन से मजबूत जुड़ाव के लिए राजधानी भोपाल में सम्मानित किया गया। यह सम्मान मध्य प्रदेश पुलिस के मुखिया पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने एक विशेष समारोह में प्रदान किया।

भोपाल में आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम संबल-2026 के दौरान यह सम्मान दिया गया। कार्यक्रम की थीम सेलिब्रेटिंग सोशल वर्क इन क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम रखी गई थी, जिसमें देशभर के सामाजिक कार्यकर्ता, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, न्यायपालिका के प्रतिनिधि और विभिन्न गैर-सरकारी संगठनों के सदस्य शामिल हुए। यह कार्यक्रम 10 और 11 मार्च को भोपाल स्कूल ऑफ सोशल साइंस परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिला सुरक्षा, बाल सुरक्षा, कमजोर वर्गों की सुरक्षा, न्याय सुलभता और सामाजिक संस्थाओं व पुलिस के बीच समन्वय जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान पिछोर एसडीओपी प्रशांत शर्मा को अपने क्षेत्र में सामुदायिक पुलिसिंग को प्रभावी रूप से लागू करने, ग्राम एवं नगर रक्षा समितियों को सक्रिय करने तथा आमजन से निरंतर संवाद बनाए रखने के लिए सम्मानित किया गया।

### पुलिस व जनता के बीच भरोसे का मजबूत सेतु बने

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप पुलिस महानिरीक्षक विनीत कपूर ने कहा कि एसडीओपी प्रशांत शर्मा अपनी नियमित पुलिस ड्यूटी के साथ-साथ लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुनते हैं और क्षेत्र में पुलिस व जनता के बीच भरोसे का मजबूत सेतु बने हैं। सम्मान प्राप्त करने के बाद एसडीओपी प्रशांत शर्मा ने कहा कि यह उपलब्धि उनकी व्यक्तिगत नहीं, बल्कि पूरी पुलिस टीम की है। उन्होंने बताया कि शिवपुरी पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के मार्गदर्शन में जिले की पुलिस टीम सामुदायिक पुलिसिंग को मजबूत करने और आमजन को न्याय दिलाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

## वृहद स्वास्थ्य शिविर को लेकर कलेक्टर की पहल

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 12 मार्च।** जिले में 17 से 24 मार्च तक आयोजित होने वाले वृहद स्वास्थ्य शिविर को सफल बनाने के लिए कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी ने एनसीसी और एनएसएस के छात्र-छात्राओं

### अधिक से अधिक मरीजों के पंजीयन में सहयोग की अपील

तथा स्कूल-कॉलेजों के प्राचार्यों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी से अपील की कि अपने आसपास के बीमार और जरूरतमंद लोगों का अधिक से अधिक पंजीयन कराकर उन्हें इस शिविर का लाभ दिलाने में सहयोग करें।

कलेक्टर चौधरी ने कहा कि



जरूरतमंद लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना सबसे बड़ी सेवा है। इस महत्त्वपूर्ण स्वास्थ्य शिविर में दूर-दराज के मरीजों को भी उपचार की सुविधा मिलेगी।

उन्होंने बताया कि शिविर में दिल्ली, भोपाल, इंदौर और ग्वालियर सहित विभिन्न शहरों से आने वाले विशेषज्ञ चिकित्सक मरीजों का परीक्षण और उपचार करेंगे। उन्होंने बताया कि मरीजों का पंजीयन क्यूआर कोड या उपलब्ध पंजीयन लिंक के माध्यम से किया जा सकता है।

शिविर के दौरान व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखने के लिए एनसीसी और एनएसएस के छात्र-छात्राओं की भी सेवाएं ली जाएंगी। इसके लिए चयनित विद्यार्थियों को पास जारी किए जाएंगे, ताकि वे शिविर में आने वाले मरीजों को मार्गदर्शन और सहयोग प्रदान कर सकें। बैठक में अपर कलेक्टर दिनेश चंद्र शुक्ला, कॉर्डिनेटर पवन जैन, कोषाध्यक्ष उदित चतुर्वेदी सहित विभिन्न स्कूल-कॉलेजों के प्राचार्य, एनसीसी और एनएसएस के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## पालकी पर सवार होकर निकले श्रीजी

**नवभारत न्यूज**
**पोहरी, 12 मार्च।** पोहरी नगर में सकल दिगम्बर जैन समाज द्वारा भगवान आदिनाथ जयंती श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ

### आदिनाथ जयंती पर पोहरी में उमड़ा आस्था का सैलाब


धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर सुबह से ही जैन मंदिर में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रात: 6:30 बजे भगवान के अभिषेक एवं शांतिधारा से हुई। इसके बाद श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान की आराधना की। प्रात: 9 बजे भगवान श्रीजी को पालकी में विराजमान कर भव्य चल समारोह निकाला गया, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा।

चल समारोह में श्रद्धालु भक्ति गीतों और जयकारों के साथ नाचते-गाते आगे बढ़ते रहे। नगर में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने भगवान की आरती उतारकर चल समारोह का भव्य स्वागत किया। इस दौरान जैन भजनों पर भक्तों का उत्साह और भक्ति देखते ही बन रही थी, जिससे पूरे नगर का वातावरण भक्तिमय हो गया।

कार्यक्रम के समापन पर भगवान श्रीजी को पुन: विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर मंदिर में विराजमान कराया गया। संध्या समय भक्ताम्बर पाठ का आयोजन हुआ तथा बच्चों द्वारा भगवान आदिनाथ के जीवन से जुड़े प्रेरणादायक प्रसंगों पर आधारित धार्मिक नाटक की सुंदर प्रस्तुति दी गई, जिसे श्रद्धालुओं ने खूब सराहा।







## पोहरी में 21 कन्याओं का सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**पोहरी, 12 मार्च।** श्री सिद्धिविनायक सेवा समिति के तत्वावधान में गुरुवार 12 मार्च को बेराड़ रोड स्थित श्री बांके बिहारी मैरिज गार्डन में नि:शुल्क सर्वजातीय सामूहिक विवाह

### धूमधाम से हुआ आयोजन

सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। सम्मेलन में 21 कन्याओं का वैदिक रीति-रिवाजों के साथ सामूहिक विवाह संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजसेवी, जनप्रतिनिधि और क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री सुरेश धाकड़



राठखेड़ा शामिल हुए। उन्होंने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए समिति के इस सामाजिक प्रयास की सराहना की। इस अवसर पर समिति की ओर से पूर्व मंत्री सुरेश धाकड़ ने वधुओं को रकम भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दीं।

सम्मेलन का शुभारंभ भगवान राम-जानकी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया। आयोजन में वर-वधू के लिए अलग-अलग पंडाल बनाए गए थे, जिससे व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित ढंग से संचालित की जा सकें।

पोहरी के प्रसिद्ध पंडित रामनिवास भार्गव ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ सभी जोड़ों के विवाह संस्कार संपन्न कराए और अग्नि के समक्ष वर-वधू के फेरे करवाकर सम्मेलन को पूर्ण कराया। समिति की ओर से नवविवाहित जोड़ों को गृहस्थी की शुरुआत के लिए कूलर, दीवान, पलंग, पंखा, अलमारी, बर्तन, साड़ियां सहित अन्य आवश्यक सामग्री भेंट की गई। कार्यक्रम के दौरान बारात निकासी, स्वागत, भोजन एवं विदाई की सभी रस्में बड़े उत्साह और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुईं।

समिति पदाधिकारियों ने बताया कि जरूरतमंद परिवारों की सहायता और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह सामूहिक विवाह सम्मेलन हर वर्ष आयोजित किया जाता है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में समिति के सदस्यों और क्षेत्रीय नागरिकों का विशेष सहयोग रहा।